# विषय-विज्ञान

## प्रश्नकोश

## कक्षा-छठी



docs.aglasem.com

aglasem.com




docs.aglasem.com

# विषय – विज्ञान
## कक्षा – 6

| क्र.सं. | कोड | सीखने के प्रतिफल |
|---|---|---|
| 1 | **SCI 601** | **बच्चे–**<br>पदार्थों और जीवों, जैसे – वनस्पति रेशे, पुष्प, आदि को अवलोकन योग्य विशेषताओं, जैसे – बाह्य आकृति, बनावट, कार्य, गंध आदि के आधार पर पहचान करते हैं। |
| 2 | **SCI 602** | पदार्थों और जीवों में गुणों, संरचना एवं कार्यों के आधार पर भेद करते हैं, जैसे–तंतु (रेशे) एवं धागे में, मूसला एवं रेशेदार जड़ में, विद्युत चालक एवं विद्युत रोधक आदि। |
| 3 | **SCI 603** | पदार्थों, जीवों और प्रक्रियाओं को अवलोकन योग्य गुणों के आधार पर वर्गीकृत करते हैं, जैसे–पदार्थों को विलेय, अविलेय, पारदर्शी, पारभासी एवं अपारदर्शी के रूप में; परिवर्तनों को, उत्क्रमणीय हो सकते हैं एवं उत्क्रमणीय नहीं हो सकते, के रूप में; पौधों को शाक, झाड़ी, वृक्ष, विसर्पी लता, आरोही लता के रूप में; आवास के घटकों को जैव एवं अजैव घटकों के रूप में; गति को सरल रेखीय, वर्तुल एवं आवर्ती के रूप में आदि। |
| 4 | **SCI 604** | प्रश्नों के उत्तर ज्ञात करने के लिए सरल छानबीन करते हैं, जैसे–पशु चारे में पोषक तत्व कौन से हैं? क्या समस्त भौतिक परिवर्तन उत्क्रमणीय किये जा सकते हैं? क्या स्वतंत्रता पूर्वक लटका हुआ चुम्बक किसी विशेष दिशा में अवस्थित हो जाता है? |
| 5 | **SCI 605** | प्रक्रियाओं और परिघटनाओं को कारणों से सम्बंधित करते हैं, जैसे– भोजन और अभावजन्य रोग; वनस्पति एवं जंतुओं का आवास के साथ अनुकूलन; प्रदूषकों के कारण वायु की गुणवत्ता आदि। |
| 6 | **SCI 606** | प्रक्रियाओं और परिघटनाओं की व्याख्या करते हैं, जैसे – पादप रेशों का प्रसंस्करण, पौधों एवं जंतुओं में गति, छाया का बनना, समतल दर्पण से प्रकाश का परावर्तन, वायु के संघटन में विभिन्नता, वर्मीकंपोस्ट (कृमिकंपोस्ट) का निर्माण आदि । |
| 7 | **SCI 607** | भौतिक राशियों, जैसे–लम्बाई का मापन करते हैं तथा मापन को एस. आई. मात्रक (अन्तर्राष्ट्रीय मात्रक–प्रणाली) में व्यक्त करते हैं । |
| 8 | **SCI 608** | जीवों एवं प्रक्रियाओं के नामांकित चित्र / फ्लो चार्ट बनाते हैं, जैसे–पुष्प के भाग, संधियाँ, निस्यंदन (फ़िल्टर करना), जल चक्र आदि। |
| 9 | **SCI 609** | अपने परिवेश की सामग्रियों का उपयोग कर मॉडलों का निर्माण करते हैं और उनकी कार्यविधि की व्याख्या करते हैं, जैसे पिन होल कैमरा, पेरिस्कोप, विद्युत टार्च आदि। |
| 10 | **SCI 610** | वैज्ञानिक अवधारणाओं की समझ को दैनिक जीवन में प्रयोग करते हैं, जैसे– संतुलित भोजन हेतु भोज्य पदार्थों का चयन करना, पदार्थों को अलग करना, मौसम के अनुकूल कपड़ों का चयन करना, दिक्सूची के प्रयोग द्वारा दिशा का ज्ञान करना, भारी वर्षा/अकाल की परिस्थितियों से निपटने की प्रक्रिया में सुझाव देना आदि। |



docs.aglasem.com
aglasem.com

| | | |
|---|---|---|
| 11 | **SCI 611** | पर्यावरण की सुरक्षा हेतु प्रयास करते हैं, जैसे भोजन, जल, विद्युत के अपव्यय और कचरे के उत्पादन को न्यूनतम करना; वर्षा जल संग्रहण, पौधों की देखभाल अपनाने हेतु जागरूकता फैलाना आदि। |
| 12 | **SCI 612** | डिज़ाईन बनाने, योजना बनाने एवं उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने में रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हैं। |
| 13 | **SCI 613** | ईमानदारी, वस्तुनिष्ठता, सहयोग, भय एवं पूर्वाग्रहों से मुक्ति, जैसे मूल्यों को प्रदर्शित करते हैं। |



docs.aglasem.com
aglasem.com

## अध्याय – 1
## भोजनः यह कहाँ से आता है?

**बहुविकल्पीय प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

1. निम्नलिखित में से कौन सा एक उपभोगता नहीं है? **SCI 601**
   (क) जिराफ़ (ख) टिड्डा (ग) बकरी (घ) घास
2. निम्नलिखित में से कौन सा खाद्य पदार्थ जन्तुओं से प्राप्त नहीं होता? **SCI 601**
   (क) शहद (ख) दूध (ग) मक्की (घ) मांस
3. किस पौधे का तना खाया जाता है? **SCI 601**
   (क) लहसुन (ख) आलू (ग) चुकंदर (घ) प्याज
4. निम्नलिखित में से कौन सा जीव केवल तरल भोजन पर निर्भर रहता है? **SCI 601**
   (क) गिलहरी ख) छिपकली (ग) गिद्द (घ) तितली
5. निम्नलिखित में से कौन सा मांसाहारी है? **SCI 601**
   (क) शेर (ख) हाथी (ग) गाय (घ) बकरी
6. जो जन्तु केवल पादप खाते हैं उन्हें कहते हैं– **SCI 601**
   (क) मांसाहारी (ख) शाकाहारी (ग) सर्वाहारी (घ) इनमें से कोई नहीं
7. निम्नलिखित में से कौन से पौधे के दो भाग खाने के रूप में प्रयोग किये जाते हैं? **SCI 601**
   (क) मक्का (ख) गेंहू (ग) सरसों (घ) धान

**सत्य / असत्य** — **सीखने के प्रतिफल**

8. हम पौधों के फलों को ही भोजन के रूप में खाते हैं। **SCI 601**
9. कौआ शाकाहारी जंतु है। **SCI 601**
10. गिद्ध मरे हुए जंतुओं का मांस खाता है। **SCI 601**
11. चींटी एक सर्वाहारी जीव है। **SCI 601**
12. इडली सब्ज़ियों से बनाई जाती है। **SCI 601**

**अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

13. भोजन के मुख्य स्रोत कौन–कौन से हैं ? **SCI 601**
14. दो शाकाहारी जंतुओं के नाम लिखें। **SCI 601**
15. दो जंतुओं के नाम लिखें जिनसे हमें मांस मिलता है। **SCI 601**
16. बीजों से निकलने वाली सफ़ेद सरंचना को क्या कहते हैं ? **SCI 601**
17. किन्हीं दो बीजों के उदाहरण दीजिए जिन्हें हम अंकुरित करने के बाद खाद्य पदार्थ के रूप में उपयोग करते हैं। **SCI 601**
18. किन्हीं दो सर्वाहारी जंतुओं के नाम लिखें। **SCI 601**
19. दूध से बनने वाले दो खाद्य उत्पादों के नाम लिखें। **SCI 601**

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

20. पौधों से प्राप्त होने वाली किन्हीं तीन खाद्य सामग्रियों के नाम लिखें। **SCI 601**
21. जंतुओं से प्राप्त होने वाली किन्हीं तीन खाद्य सामग्रियों के नाम लिखें। **SCI 601**
22. क्या फलों के अतिरिक्त पौधे के अन्य भागों को भी भोजन के रूप में उपयोग किया जाता है?



docs.aglasem.com
aglasem.com

यदि हाँ, तो कोई तीन उदाहरण दें। **SCI 601**

23. खीर के मुख्य संघटक कौन– कौन से हैं? इनमें से कौन से संघटक पौधों से और कौन से जंतुओं से प्राप्त होते हैं ? **SCI 601**

24. शेर का भोजन गाय के भोजन से किस प्रकार भिन्न है? **SCI 602**

25. शाकाहारी व सर्वाहारी जंतुओं में उदाहरण सहित अंतर लिखें। **SCI 603**

26. बीजों को अंकुरित करने के लिए उन्हें पानी में भिगोया जाता है, क्यों? **SCI 604**

27. व्याख्या करें कि जो दूध हमें जंतुओं से प्राप्त होता है, वास्तव में वह पौधों से मिलता है। **SCI 605**

**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

28. मूंग को अंकुरित करने की प्रक्रिया की व्याख्या करें। **SCI 606**

29. किन्ही दो पक्षियों के नाम लिखें जो मरे हुए जानवरों का मांस खाते हैं ? बताएं कि वे किस तरह से पर्यावरण के लिए लाभदायक हैं? **SCI 610, 602**



docs.aglasem.com

aglasem.com

## अध्याय – 2
## भोजन के घटक

**बहुविकल्पीय प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

1. कौन से खाद्य पदार्थ में प्रोटीन प्रचुर मात्रा में पाई जाती है? **SCI 601**
   (क) आंवला (ख) चावल (ग) आलू (घ) सोयाबीन
2. शरीर की वृद्धि के लिए कौन सा घटक जरूरी है? **SCI 601**
   (क) वसा (ख) प्रोटीन (ग) खनिज लवण (घ) कार्बोहाइड्रेट
3. वसा हमें किस खाद्य पदार्थ से प्राप्त होते हैं? **SCI 601**
   (क) गेहूँ (ख) घी (ग) मक्खन (घ) ख तथा ग दोनों
4. कौन सा खाद्य पदार्थ हड्डियों की मजबूती के लिए आवश्यक है? **SCI 601**
   (क) पालक (ख) आलू (ग) दूध (घ) सभी
5. अस्थियों का मुलायम होकर मुड़ जाना किस रोग का लक्षण है? **SCI 601**
   (क) बेरी–बेरी (ख) रिकेट्स (ग) खून की कमी (घ) घेंघा
6. बेरी–बेरी नामक रोग किस विटामिन की कमी के कारण होता है? **SCI 601**
   (क) विटामिन C (ख) विटामिन B12 (ग) विटामिन B1 (घ) विटामिन A
7. इनमें से कौन सा विटामिन C की कमी से होने वाला रोग है? **SCI 601**
   (क) स्कर्वी (ख) रिकेट्स (ग) घेंघा (घ) बेरी–बेरी

**रिक्त स्थान भरें** — **सीखने के प्रतिफल**

8. नींबू विटामिन .....का मुख्य स्रोत है। **SCI 601**
9. लोह की कमी से.....रोग होता है। **SCI 601**
10. घेंघा रोग .....की कमी से होता है। **SCI 601**
11. दंतक्षय..... की कमी से होता है। **SCI 601**
12. विटामिन .....आँखों की रोशनी के लिए आवश्यक है। **SCI601**
13. दालें.....का मुख्य स्रोत हैं। **SCI 601**
14. मंड परीक्षण के लिए.....विलयन का प्रयोग करते हैं। **SCI 601**
15. ..... हमारे शरीर को मुख्य रूप से ऊर्जा प्रदान करते हैं। **SCI 601**

**सत्य / असत्य** — **सीखने के प्रतिफल**

16. विटामिन C की कमी से बेरी–बेरी रोग होता है। **SCI 601**
17. अरक्तता खून की कमी से होने वाला रोग है। **SCI 601**
18. सब्जियों से हमें प्रोटीन प्राप्त होती है। **SCI 601**
19. विटामिन D की कमी से घेंघा रोग होता है। **SCI 601**
20. कार्बोहाइड्रेट हमारे शरीर को ऊर्जा देते हैं। **SCI 601**
21. रिकेट्स रोग के कारण मसूड़ों से खून निकलता है। **SCI 601**
22. खट्टे पदार्थों को लेने से स्कर्वी रोग की रोकथाम की जा सकती है। **SCI 601**
23. गन्ने से प्रोटीन प्राप्त होते है। **SCI 601**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

24. विटामिनों की कमी से होने वाले किन्हीं दो रोगों के नाम लिखें। **SCI 601**
25. आयोडीन का मुख्य स्रोत क्या है? **SCI 601**
26. आयोडीन की कमी से होने वाले रोग का नाम लिखें। **SCI 601**
27. हमारे शरीर को खनिज लवण की आवश्यकता क्यों होती है? **SCI 604**
28. किन्हीं दो खनिज लवणों के नाम लिखें जो हमारे शरीर के लिए आवश्यक हैं। **SCI 601**
29. विटामिन C की कमी से कौन सा रोग होता है? **SCI 601**



docs.aglasem.com
aglasem.com


30. किन्हीं दो फलों के नाम बताएं जिनमें विटामिन C प्रचूर मात्रा में पाई जाती है। **SCI 601**
31. हमारे शरीर में विटामिन का क्या कार्य है? **SCI 606**
32. फास्फोरस के किन्हीं दो खाद्य स्रोतों के नाम लिखें। **SCI 601**
33. रुक्षांश के दो मुख्य स्रोतों के नाम लिखिए। **SCI 604**
34. रूक्षांश पाचन क्रिया में किस प्रकार की भूमिका निभाता है? **SCI 606**
35. अभावजन्य रोगों से आप क्या समझते हैं? **SCI 601**
36. किन्हीं दो अभावजन्य रोगों के नाम लिखें। **SCI 601**
37. संतुलित आहार की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। **SCI 601**
38. भोजन को पकाते समय कौन सी विटामिन आसानी से नष्ट हो जाती है? **SCI 601**

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

39. संतुलित आहार से आप क्या समझते हैं? संतुलित आहार की कमी हमारे शरीर को किस प्रकार प्रभावित करती है? **SCI 601,605**
40. वसा का हमारे शरीर में क्या कार्य है? किन्हीं तीन खाद्य पदार्थों के नाम लिखें जो वसा के मुख्य स्रोत हैं। **SCI 606**
41. शरीर वर्धक भोजन किसे कहते हैं? किन्हीं तीन शरीर वर्धक भोजन के उदाहरण दीजिए। **SCI 604**
42. विटामिन B1 का हमारे शरीर में क्या कार्य है? किन्हीं दो स्रोतों के नाम बताएं, जिनसे हम विटामिन B1 प्राप्त कर सकते हैं। **SCI 606**
43. हमें अपने भोजन में कैल्शियम क्यों लेना चाहिए? **SCI 604**
44. किन्हीं तीन खाद्य पदार्थों के नाम लिखें जिनमें कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। **SCI 604**
45. हमारे भोजन में खनिज लवण क्यों आवश्यक हैं? किन्हीं दो खनिज लवणों के नाम बताएं। **SCI 604**
46. क्या होता है जब सब्जियों व फलों को पहले छिला जाता है, फिर काटा जाता है और बाद में धोया जाता है? **SCI 605**
47. रीता को अंधेरे में कम दिखाई देता है। क्या आप बता सकते हैं कि उसे कौन सा रोग है? उसे अपने खान पान में किस प्रकार की वस्तुओं को शामिल करना चाहिए? **SCI 605**
48. दिए गए चित्र में महिला किस रोग से ग्रसित है? इस रोग के दो मुख्य लक्षण लिखिए? **SCI 605**



49. प्रवाह चित्र पूरा करें– **SCI 608**






docs.aglasem.com
aglasem.com

50. पानी का हमारे शरीर में क्या कार्य है? हमारे शरीर को पानी किन खाद्य पदार्थों से प्राप्त होता है? **SCI 606**
51. विटामिन हमारे शरीर के लिए क्यों आवश्यक है? विटामिन A का हमारे शरीर में क्या कार्य है? **SCI 606, 610**
52. किन्हीं दो खाद्य पदार्थों के नाम लिखो जिनसे विटामिन A प्राप्त कर सकते हैं। **SCI 606**
53. खाद्य पदार्थो में वसा की उपस्थिति को किस प्रकार से जांचा जा सकता है? **SCI 606**
54. खाद्य प्रदार्थों में प्रोटीन की उपस्थिति का पता करने के लिए परीक्षण लिखिए। **SCI 605**
55. डॉक्टर हमें हमेशा आयोडीन युक्त नमक खाने की सलाह देते हैं,क्यों? **SCI 610**
56. सामान्य लोगों की अपेक्षा गर्भवती महिलाएं संतुलित आहार लेने पर ज्यादा ध्यान क्यों देती हैं? **SCI 610**
57. हमें सब्जियों की अपेक्षा दाल व चावल को ज्यादा रगड़–रगड़ कर क्यों नहीं धोना चाहिए? **SCI 604**
58. भोजन की बर्बादी को किस प्रकार रोक सकते हैं? कोई तीन सुझाव लिखें। **SCI 604**
59. रुक्षांश हमारे शरीर को कोई भी पोषक तत्व प्रदान नहीं करते हैं फिर भी ये हमारे भोजन का आवश्यक घटक हैं। इस कथन की विवेचना कीजिए। **SCI 606**



docs.aglasem.com
aglasem.com

## अध्याय–3
## तंतु से वस्त्र तक

**बहुविकल्पीय प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

1. इनमें से कौन सा प्राकृतिक तंतु है? **SCI 601**
   (क) नायलॉन (ख) रेयान (ग) रेशम (घ) उपरोक्त सभी
2. तंतु प्राप्त करने के लिए कौन सी फसल उगाई जाती है? **SCI 601**
   (क) गेंहू (ख) मक्की (ग) कपास (घ) धान
3. निम्न में से कौन सा संश्लिष्ट तंतु है? **SCI 601**
   (क) कपास (ख) पटसन (ग) रेशम (घ) नायलॉन
4. पटसन तंतु को पटसन पादप के किस भाग से प्राप्त किया जाता है? **SCI 601**
   (क) फूल से (ख) फल से (ग) तने से (घ) जड़ों से
5. कपास की फ़सल के लिए निम्न में से कौन सी मिट्टी उपयोगी है? **SCI 601**
   (क) लाल मिट्टी (ख) काली मिट्टी (ग) चिकनी मिट्टी (घ) बालू मिट्टी
7. रूई पादप के किस भाग से प्राप्त होती है? **SCI 601**
   (क) तना (ख) फल (ग) फूल (घ) जड़
8. तकली या हस्त तकुआ का प्रयोग किस कार्य में किया जाता है? **SCI 601**
   (क) बुनाई (ख) बंधाई (ग) कताई (घ) ये सभी
9. तंतुओं से तागा बनाने वाली प्रक्रिया को क्या कहते हैं? **SCI 601**
   (क) बुनाई (ख) बंधाई (ग) कताई (घ) ओटना
10. रूई से बिनौले (बीज) हटाने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं ? **SCI 601**
    (क) ओटना (ख) बंधाई (ग) कताई (घ) रंगाई

**रिक्त स्थान भरें** — **सीखने के प्रतिफल**

11. प्राप्ति के आधार पर तंतुओं को मुख्यतः..... और..... तंतु में विभाजित किया जाता है। **SCI 601**
12. कपास एक..... तंतु है। **SCI 601**
13. मानव निर्मित तंतु को.....कहते हैं। **SCI 601**
14. पटसन एक.....तंतु है। **SCI 601**
15. रेशम एक.....तंतु है क्योंकि यह.....से प्राप्त होता है। **SCI 601**
16. कोई तंतु बिना सिकुड़े जल जाए तो यह..... तंतु होता है। **SCI 601**
17. सूती वस्त्र.....तंतु से बनते हैं। **SCI 601**
18. पॉलिस्टर.....तंतु है। **SCI 601**

**सत्य / असत्य** — **सीखने के प्रतिफल**

19. कपास तंतु पादप के तने से प्राप्त होता है। **SCI 601**
20. जूट नारियल का बाहरी तंतु होता है। **SCI 601**
21. संश्लिष्ट तंतु सिकुड़ते हैं और जल जाते हैं। **SCI 601**
22. सूती तंतु के जलने पर मांस जैसी गंध आती है। **SCI 601**
23. पॉलिएस्टर एक प्राकृतिक तंतु है। **SCI 601**
24. कताई वस्त्र निर्माण की एक प्रक्रिया है। **SCI 601**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

25. किन्हीं दो मानव निर्मित तंतुओं के नाम लिखें। **SCI 601**
26. किन्हीं दो पादप तंतुओं के नाम लिखें। **SCI 601**
27. भारत में पटसन की खेती किस ऋतु में की जाती है? **SCI 601**
28. संश्लिष्ट तंतु किसे कहते हैं? **SCI 602**




docs.aglasem.com
aglasem.com

29. यदि रेशम को जलाएंगे तो क्या होगा? **SCI 604**
30. यदि ऊनी तंतु को जलाएंगे तो क्या होगा ? **SCI 604**
31. रुई तथा जूट पादप के किन भागों से प्राप्त होते हैं? **SCI 602**

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

32. प्राकृतिक तंतु व संश्लिष्ट तंतु में अंतर स्पष्ट करें। **SCI 602**
33. पटसन हमें कहाँ से प्राप्त होता है? पटसन से बनने वाली किन्हीं दो वस्तुओं के नाम लिखें। **SCI 601**
34. बुनाई व बंधाई में कोई दो अंतर स्पष्ट करें। **SCI 602**
35. ऊन हमें कहाँ से प्राप्त होती है? यह कैसा तंतु है? ऊन से बनने वाले वस्त्रों के नाम लिखें। **SCI 604**
36. रुई से बीजों को अलग करने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं? संक्षेप में प्रक्रिया समझाइए। **SCI 606**
37. प्रवाह चित्र को पूर्ण करें– **SCI 608**




**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

38. कपास से रुई प्राप्त करने की विधि को स्पष्ट करें। **SCI 606**
39. पटसन के पादप से तंतु को पृथक कैसे किया जाता है? **SCI 606**
40. तंतुओं से तागा बनाने की प्रक्रिया की व्याख्या करें। **SCI 606**
41. अगर हमारे पास सूती कपड़ा व रेशमी कपड़ा दिया गया है तो हम दोनों में किस प्रेक्षण द्वारा अंतर करने में सक्षम होंगे? व्याख्या करें। **SCI 606**
42. सर्दियों में हम किस तंतु से निर्मित वस्त्र पहनते हैं और क्यों? **SCI 604**



docs.aglasem.com
aglasem.com

## अध्याय–4
## वस्तुओं के समूह बनाना

**बहुविकल्पीय प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

1. निम्नलिखित में से कौन सी वस्तु को संपीड़ित नहीं किया जा सकता है? **SCI 601**
   (क) सूती कमीज़ (ख) कागज़ (ग) लोहे की कील (घ) रबड़ का खिलौना
2. निम्न में से कौन सा चमकदार पदार्थ है? **SCI 601**
   (क) प्लास्टिक का खिलौना (ख) स्टील का चम्मच (ग) लकड़ी की कुर्सी (घ) पुस्तक
3. इनमें से हम कौन सी वस्तु के आर–पार देख सकते हैं? **SCI 601**
   (क) लकड़ी का टुकड़ा (ख) किताब (ग) धातु का बर्तन (घ) काँच का गिलास
4. निम्नलिखित में से अपारदर्शी है – **SCI 601**
   (क) काँच का टुकड़ा (ख) जल (ग) लकड़ी का टुकड़ा (घ) वायु
5. कौन सी वस्तु जल में घुलनशील है ? **SCI 601**
   (क) रेत (ख) सरसों का तेल (ग) लकड़ी का बुरादा (घ) नमक
6. नीचे दिए गये पदार्थों में से गोल आकृति वाली वस्तु छाँटें – **SCI 601**
   (क) मिट्टी का घड़ा (ख) बॉस्केट बॉल (ग) सेब (घ) अंडा

**रिक्त स्थान भरें** — **सीखने के प्रतिफल**

7. जल में विलीन ..... गैस जलीय जंतुओं और पादपों के लिए महत्वपूर्ण है। **SCI 601**
8. सोना व चांदी देखने में ..... होते हैं। **SCI 601**
9. कुछ पदार्थ खुरदरे होते हैं और कुछ ..... होते हैं। **SCI 601**

**सत्य / असत्य** — **सीखने के प्रतिफल**

10. लकड़ी का टुकड़ा एक पारदर्शी वस्तु है। **SCI 601**
11. धुंआ पारभासी है। **SCI 601**
12. चाक जल में विलीन हो जाता है। **SCI 601**
13. पत्थर एक पारदर्शी वस्तु है और वायु अपारदर्शी है। **SCI 601**
14. पदार्थों को उनके गुणों में समानताओं और विभिन्नताओं के आधार पर समूहों में बांटा जाता है। **SCI 601**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

15. पारदर्शी वस्तुओं को परिभाषित कीजिए। **SCI 603**
16. धातुओं से बनी किन्हीं चार वस्तुओं के उदाहरण दीजिए। **SCI 601**
17. अपारदर्शी वस्तुएं क्या होती हैं? **SCI 601**
18. पारभासी वस्तुओं को परिभाषित कीजिए। **SCI 601**
19. जल में विलेय और अविलेय वस्तुओं के दो उदाहरण दीजिए। **SCI 601**

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

20. पारदर्शी, अपारदर्शी व पारभासी वस्तुओं में अंतर स्पष्ट करें। **SCI 602**
21. हम वस्तुओं का वर्गीकरण किस प्रकार कर सकते हैं? किन्हीं दो विधियों की व्याख्या करें। **SCI 606**




docs.aglasem.com
aglasem.com

22. नीचे कुछ पदार्थों के नाम दिए गये हैं–इनको सारणीनुसार वर्गीकृत करें। **SCI 603**

| वस्तु | आकृति | खाद्य / अखाद्य |
|---|---|---|
| जल | | |
| बॉस्केट बाल | | |
| ब्रेड | | |

23. प्रवाह चित्र को पूर्ण कीजिए– **SCI 608**




24. नीचे कुछ पदार्थ दिए गए हैं इनको सारणीनुसार वर्गीकृत करें– **SCI 603**

| पदार्थ | विलेय / अविलेय | पारदर्शी / अपारदर्शी |
|---|---|---|
| चीनी | | |
| काँच | | |
| लकड़ी का बुरादा | | |

25. पारदर्शी व अपारदर्शी वस्तुओं की व्याख्या उदाहरण सहित कीजिए। **SCI 603**
26. विलेय व अविलेय वस्तुओं में अंतर स्पष्ट कीजिए तथा घर में प्रयोग होने वाली किन्हीं चार विलेय व अविलेय वस्तुओं की सूची बनाएं। **SCI, 602, SCI 610**
27 धातुओं के कोई तीन अभिलाक्षणिक गुण बताएं। अपने आस–पास पाए जाने वाली किन्ही तीन धातुओं का नाम लिखें और उनके उपयोग भी बताएं। **SCI 601, SCI610**
28 दैनिक जीवन में वस्तुओं का समूह बनाना हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी है? वर्णन करें। **SCI610**



docs.aglasem.com
aglasem.com

## अध्याय–5
## पदार्थों का पृथक्करण

**बहुविकल्पीय प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

1. निम्न में से कौन सी पृथक्करण की विधि है? **SCI 601**
   (क) थ्रेशिंग (ख) निस्तारण (ग) छानना (घ) उपरोक्त सभी
2. चावल और दालों को पकाने से पहले धोया जाता है। उनमें से पानी कौन–सी विधि द्वारा अलग किया जाता है? **SCI 601**
   (क) अवसादन (ख) निस्तारण (ग) निस्यंदन (घ) वाष्पीकरण
3. समुद्री जल में से नमक को कौन सी विधि द्वारा प्राप्त किया जाता है? **SCI 601**
   (क) निस्यंदन (ख) निस्तारण (ग) संघनन (घ) वाष्पन
4. दिए गए चित्र से पृथक्करण की विधि को पहचानकर नाम लिखिए। **SCI 601**
   (क) निस्यंदन (ख) निस्तारण (ग) हस्त चयन (घ) निष्पावन



5. जिस विलयन में कोई पदार्थ एक निश्चित मात्रा के बाद ना घुल सके उस विलयन को ..... कहते हैं। **SCI 601**
   (क) संतृप्त विलयन (ख) असंतृप्त विलयन (ग) अवसादन (घ) वाष्पित विलयन
6. रेत और जल के मिश्रण में से रेत के भारी कण तली में बैठ जाते हैं। इस मिश्रण में से पानी को किस विधि द्वारा अलग किया जाता है? **SCI601**
   (क) अवसादन (ख) निस्तारण (ग) हस्त चयन (घ) निष्पावन
7. किसी द्रव को वाष्प में परिवर्तित करने की प्रक्रिया को कहते हैं– **SCI 601**
   (क) वाष्पन (ख) निस्तारण (ग) संघनन (घ) द्रवीकरण
8. डंडियों से अनाज को पृथक करने की विधि को कहते हैं – **SCI 601**
   (क) थ्रेशिंग (ख) हस्त चयन (ग) निस्यंदन (घ) निष्पावन

**रिक्त स्थान भरें** **सीखने के प्रतिफल**

9. डंडियों से अनाज को पृथक करने की विधि को .....कहते हैं। **SCI 601**
10. नमक को समुद्री जल से ..... विधि द्वारा प्राप्त किया जाता है। **SCI 601**
11. जल वाष्प को उसकी द्रव अवस्था में परिवर्तित होने की प्रक्रिया को..... कहते हैं। **SCI 601**
12. जिस विलयन में कोई पदार्थ और अधिक मात्रा में न घुल सके वह उस पदार्थ का ..... विलयन होता है। **SCI 601**
13. द्रव तथा उसमें अविलेय पदार्थ के मिश्रण को..... विधि द्वारा पृथक किया जा सकता है। **SCI 601**
14. चाय से चाय पत्ती को ..... विधि द्वारा अलग किया जाता है। **SCI 601**
15. हस्त चयन, निष्पावन, चालन मिश्रणों से उनके अवयवों को..... करने की कुछ विधियाँ हैं। **SCI 601**

**सत्य / असत्य** **सीखने के प्रतिफल**

16. रेत और जल के मिश्रण को निष्पावन विधि द्वारा पृथक किया जाता है। **SCI 601**
17. मक्खन को पृथक करने के लिए दूध या दही का मंथन किया जाता है। **SCI 601**
18. जिस विलयन में कोई पदार्थ और अधिक मात्रा में न घुल सके वह उस पदार्थ का संतृप्त विलयन होता है। **SCI 601**
19. गेहूँ में से पत्थर के छोटे टुकड़ों को निष्पावन विधि द्वारा पृथक किया जा सकता है। **SCI 601**



docs.aglasem.com
aglasem.com


20. चाय में से चीनी को निस्यंदन की प्रक्रिया द्वारा अलग किया जाता है। **SCI 601**
21. थ्रेशिंग पृथक्करण की विधि नहीं है। **SCI 601**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

22. जल को रेत में से किस विधि द्वारा पृथक किया जाता है? **SCI 601**
23. पृथक्करण की किन्हीं दो विधियों के नाम लिखें। **SCI 601**
24. संतृप्त विलयन किसे कहते हैं? **SCI 601**
25. निष्पावन से क्या अभिप्राय है ? **SCI 606**
26. दूध व दही से मक्खन को कौन सी विधि द्वारा पृथक किया जाता है? **SCI 601**
27. हस्त चयन विधि के कोई दो उदाहरण लिखिए। **SCI 601**
28. अवसादन किसे कहते हैं? **SCI 601**

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

29. संतृप्त विलयन किसे कहते हैं? कोई तीन उदाहरण दीजिए। **SCI 601**
30. वाष्पीकरण से आप क्या समझते हैं? वाष्पीकरण की प्रक्रिया का बड़े स्तर पर उपयोग कहाँ–कहाँ होता है ? **SCI 606,610**
31. पृथक्करण क्यों किया जाता है? कोई दो उद्देश्य लिखें। **SCI 606**
32. अवसादन व निस्तारण में कोई दो अंतर स्पष्ट करें। **SCI 602**
33. वाष्पीकरण तथा संघनन में अंतर स्पष्ट करें। **SCI 602**
34. थ्रेशिंग तथा हस्त चयन में अंतर स्पष्ट करें। **SCI 602**
35. निस्यंदन प्रक्रिया का चित्र सहित वर्णन करें। **SCI 606,608**
36. चित्र की सहायता से पृथक्करण की विधि का नाम लिखिए। **SCI 601**




**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

37. मिश्रण क्या है? इसके कोई तीन उदाहरण लिखें। **SCI 601**
38. समुद्री जल को मिश्रण क्यों कहते हैं? **SCI 604**
39. नमक को समुद्री जल से किस प्रकार पृथक किया जाता है? व्याख्या करें। **SCI 606**
40. आप चीनी और रेत के मिश्रण को किस प्रकार पृथक करेंगे? **SCI 606**



docs.aglasem.com
aglasem.com

## अध्याय–6
## हमारे चारों ओर के परिवर्तन

**बहुविकल्पीय प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

1. इनमें से कौन सा उत्क्रमणीय परिवर्तन का उदाहरण है? **SCI 601**
   (क) पानी का बर्फ में बदलना (ख) कीलों में जंग लगना
   (ग) ब्रेड में फफूंदी लगना (घ) कागज़ का जलना
2. अनुत्क्रमणीय परिवर्तन का उदाहरण है– **SCI 601**
   (क) नमक का पानी में घुलना (ख) तारकोल का जलना
   (ग) बर्फ का पिघलना (घ) लोहे की कील का चुम्बकित होना
3. इनमें से एक लाभदायक परिवर्तन है – **SCI 601**
   (क) लोहे की वस्तुओं को जंग लगना (ख) खाने का खराब होना
   (ग) फलों का सड़ना (घ) दूध का फटना
4. आइसक्रीम पिघलती है तो – **SCI 601**
   (क) आइसक्रीम की ऊष्मा खत्म हो जाती है (ख) आइसक्रीम ऊष्मा ग्रहण करती है
   (ग) हवा से ऊष्मा खत्म हो जाती है (घ) हवा ऊष्मा ग्रहण करती है
5. इनमें से कौन सा एक उत्क्रमणीय परिवर्तन नहीं है ? **SCI 601**
   (क) पानी का उबलना (ख) अंडे का उबलना
   (ग) मोम का पिघलना (घ) पानी का जमना
6. इनमें से अनुत्क्रमणीय परिवर्तन नहीं है – **SCI 601**
   (क) चावल पकाना (ख) गुब्बारे का फटना
   (ग) कुर्सी को उठाना (घ) कागज़ का जलना

**रिक्त स्थान भरें–** **सीखने के प्रतिफल**

7. पदार्थों को गर्म करके या किसी अन्य पदार्थ के साथ मिश्रित करके उनमें ..... लाए जा सकते हैं। **SCI 601**
8. कुछ परिवर्तनों को ..... किया जा सकता है तथा कुछ को नहीं। **SCI 601**
9. आइसक्रीम का पिघलना एक ..... परिवर्तन है। **SCI 601**
10. चीनी का जल में घुलना ..... परिवर्तन है। **SCI 601**
11. कली से फूल बनने की प्रक्रिया को.....परिवर्तन कहते हैं। **SCI 601**
12. POP का विस्तारित रूप ..... है। **SCI 601**
13. लोहे को ..... लगना एक अनुत्क्रमणीय परिवर्तन है। **SCI 601**
14. ऐसे परिवर्तन जिन्हें उत्क्रमित किया जा सकता है ..... परिवर्तन कहलाते हैं। **SCI 601**
15. नमक को पानी में घोलने से हुए परिवर्तन को ..... किया जा सकता है। **SCI 601**
16. लोहे के औज़ार को गर्म करने पर उसके वलय का ..... बड़ा हो जाता है। **SCI 601**

**सत्य / असत्य** **सीखने के प्रतिफल**

17. लोहे को जंग लगना एक उत्क्रमणीय परिवर्तन है। **SCI 601**
18. अनाज से बनाया गया आटा एक उत्क्रमणीय परिवर्तन का उदाहरण है। **SCI 601**
19. कुछ परिवर्तनों को उत्क्रमित किया जा सकता है तथा कुछ को नहीं। **SCI 601**
20. दूध से दही बनना एक उत्क्रमणीय परिवर्तन है। **SCI 601**
21. उत्क्रमणीय परिवर्तनों को हम अपनी वास्तविक स्थिति में नहीं ला सकते हैं। **SCI 601**
22. जब बर्फ पिघलकर पानी का रूप लेती है तो उसकी अवस्था में परिवर्तन होता है। **SCI 601**
23. आम का पकना एक सामान्य प्रक्रिया है। **SCI 601**
24. रोटी से पुनः आटे की लोई बनाना संभव है। **SCI 601**



docs.aglasem.com
aglasem.com

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

25. बर्फ पिघलकर पानी का रूप ले लेती है, यह किस प्रकार का परिवर्तन है? **SCI 601**
26. कागज़ का जलना उत्क्रमणीय परिवर्तन है या अनुत्क्रमणीय परिवर्तन। **SCI 601**
27. दूध से दही बनना किस परिवर्तन का उदाहरण है? **SCI 601**
28. अनुत्क्रमणीय परिवर्तनों के कोई दो उदाहरण दीजिए। **SCI 601**
29. उत्क्रमणीय परिवर्तनों के कोई दो उदाहरण दीजिए? **SCI 601**
30. गुब्बारे का फूलना कौन सा परिवर्तन है? **SCI 601**

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

31. किन्हीं दो परिवर्तनों के नाम लिखें, जिन्हें हम अपने प्रतिदिन के क्रियाकलापों में देखते हैं। **SCI 601**
32. किसी एक लाभदायक और एक हानिकारक परिवर्तन के बारे में लिखें। **SCI 602**
33. इनमें से कौन सा उत्क्रमणीय तथा कौन सा अनुत्क्रमणीय परिवर्तन है?
    (नाखूनों का बढ़ना, अंडे को उबालना, कागज़ को मोड़ना) **SCI 602**
34. उदाहरण देकर उत्क्रमणीय तथा अनुत्क्रमणीय परिवर्तनों में अंतर स्पष्ट कीजिये। **SCI 602**
35. लकड़ी के हत्थे लगाने से पहले लोहे के औज़ार प्रायः गर्म क्यों किए जाते हैं? इस तरह के परिवर्तन को क्या कहते हैं? **SCI 601,604**

**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

36. रात्रि में एक सीमेंट की बोरी जो कि खुले मैदान में रखी थी, वर्षा के कारण भीग जाती है, कुछ समय पश्चात सीमेंट में क्या परिवर्तन होगा? क्या उसे उत्क्रमित कर सकते हैं? **SCI 601**
37. प्लास्टर ऑफ पेरिस में हुए परिवर्तन को उत्क्रमित कर सकते है अथवा नहीं? व्याख्या करें। **SCI 606**
38. कागज़ का जलना एक अनुत्क्रमणीय परिवर्तन है जबकि पानी का उबलना एक उत्क्रमणीय परिवर्तन है, ऐसा क्यों है? **SCI 606**
39. उत्क्रमणीय तथा अनुत्क्रमणीय परिवर्तन को परिभाषित करें। इन परिवर्तनों के तीन–तीन उदाहरण दीजिए? **SCI 606**
40. धातु के रिम को किस तरह से बैलगाड़ी के पहिए में चढ़ाया जाता है? व्याख्या करें। इस तरह के परिवर्तन को क्या कहते हैं ? **SCI 606**
41. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट करें – **SCI 602**
    1. गुब्बारे का फूलना तथा गुब्बारे का फटना
    2. कागज़ को मोड़ना तथा कागज़ को काटना
    3. मोम का पिघलना तथा मोम का जलना
    4. रोटी को मोड़ना तथा रोटी को तोड़ना
    5. पानी का जमना और पानी का उबलना



docs.aglasem.com
aglasem.com

## अध्याय–7
## पौधों को जानिए

**बहुविकल्पीय प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

1. जो पौधे सीधे खड़े नहीं हो सकते और भूमि पर फैल जाते हैं, कहलाते हैं– **SCI 601**
   (क) आरोही लता (ख) झाड़ी (ग) विसर्पी लता (घ) शाक
2. निम्न में से पौधों का वह कौन सा वर्ग है जिनके तने कोमल व हरे होते हैं? **SCI 601**
   (क) शाक (ख) झाड़ी (ग) वृक्ष (घ) इनमें से कोई नहीं
3. तने का वह भाग जो पत्तों को तने से जोड़ता है, कहलाता है– **SCI 601**
   (क) फलक (ख) पर्णवृंत (ग) शिरा–विन्यास (घ) पटल
4. वह क्रिया जिसमें पौधों से पानी की बूँदे वाष्प के रूप में निकलती हैं, कहलाती है– **SCI 601**
   (क) वाष्पीकरण (ख) वाष्पोत्सर्जन (ग) उत्सर्जन (घ) प्रकाश–संश्लेषण
5. वर्तिका, वर्तिकाग्र और अंडाशय पुष्प के किस अंग के भाग हैं? **SCI 601**
   (क) पंखुडियाँ (ख) पुंकेसर (ग) स्त्रीकेसर (घ) (ख) तथा (ग) दोनों

**रिक्त स्थान भरें–** — **सीखने के प्रतिफल**

6. पौधों के प्रकार शाक,झाड़ी और.....हैं। **SCI 601**
7. अनचाहे पौधे जो फसल के साथ उग जाते हैं .....कहलाते हैं। **SCI 601**
8. पत्ती के हरे चपटे भाग को.....कहते हैं। **SCI 601**
9. वह प्रक्रिया जिसके द्वारा पौधे अपना भोजन बनाते हैं .....कहलाती है। **SCI 601**
10. आम के वृक्ष में .....जड़ होती है। **SCI 601**
11. जिन पौधों के पत्तों का शिरा–विन्यास.....होता है उनकी जड़ें मूसला होती हैं। **SCI 601**

**अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**


12. पौधों में पत्तियों का क्या कार्य है ? **SCI 606**
13. जड़ें कितने प्रकार की होती हैं ? इनके नाम लिखिए। **SCI 601**
14. पौधों के कौन से भाग में बीजाण्ड पाए जाते हैं ? **SCI 601**
15. पत्तियों का हरा रंग किस वर्णक के कारण होता है ? **SCI 601**

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

16. प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को परिभाषित कीजिए। **SCI 606**
17. यदि एक पौधे की जड़ रेशेदार है तो उसकी पत्तियों का शिरा–विन्यास किस प्रकार का होगा? **SCI 605**
18. पौधों में जड़ों का क्या कार्य होता है? **SCI 606**
19. खरपतवार किसे कहते हैं ? **SCI 602**
20. समांतर शिरा–विन्यास,जालिका रूपी शिरा–विन्यास से किस प्रकार भिन्न है? चित्र द्वारा समझाएं। **SCI 602,SCI 608**
21. मूसला जड़ तथा रेशेदार जड़ में अतंर बताइए। **SCI 606**

**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**


22. नीचे दिए गए पुष्प के भागों को नामंकित करें– **SCI 608**






docs.aglasem.com
aglasem.com

23. प्रवाह चित्र को पूर्ण कीजिए– **SCI 608**




24. क्रिया–कलाप द्वारा स्पष्ट करें कि पत्तियों में मंड होता है। **SCI 605**

25. पौधों में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की जड़ों की चित्र सहित व्याख्या करें। **SCI 603,608**



docs.aglasem.com
aglasem.com

## अध्याय–8
## शरीर में गति

**बहुविकल्पीय प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

1. हमारे शरीर को आकार प्रदान करती हैं– **SCI 601**
   (क) मांसपेशियाँ (ख) हड्डियाँ (ग) उपास्थि (घ) संधियाँ
2. गर्दन तथा सिर को जोड़ने वाली संधि कहलाती है– **SCI 601**
   (क) कंदुक–खल्लिका संधि (ख) धुराग्र संधि (ग) हिन्ज संधि (घ) अचल संधि
3. ऊपरी जबड़े को सिर से जोड़ने वाली संधि कहलाती है– **SCI 601**
   (क) अचल संधि (ख) हिन्ज संधि (ग) कंदुक खल्लिका संधि (घ) धुराग्र संधि
4. हमारे शरीर के महत्वपूर्ण अंग जिसमें सुरक्षित रहते हैं वह कहलाता है– **SCI 601**
   (क) पसली–पिंजर (ख) मेरुदंड (ग) उपास्थि (घ) मांसपेशी
5. हमारे शरीर की हड्डियां मिलकर कौन सा तंत्र बनाती हैं ? **SCI 601**
   (क) अस्थि तंत्र (ख) पेशीय तंत्र (ग) श्वसन तंत्र (घ) पसली पिंजर
6. घोंघा गति करता है – **SCI 601**
   (क) शूक (बाल जैसी आकृति से) (ख) हड्डियों से (ग) पेशीयों से (घ) उपास्थि से
7. उपास्थि निम्न में से किस अंग में पायी जाती है ? **SCI 601**
   (क) कंधा (ख) टाँग (ग) खोपड़ी (घ) बाहरी कान

**रिक्त स्थान भरें** — **सीखने के प्रतिफल**

8. हड्डियों के जोड़ शरीर की.....में मदद करते हैं। **SCI 601**
9. कोहनी की हड्डियाँ.....संधि से जुड़ी होती हैं। **SCI 601**
10. .....संधि सभी दिशाओं में गति प्रदान करती है। **SCI 601**
11. तिलचट्टे में .....कंकाल होता है। **SCI 601**

**सत्य / असत्य** — **सीखने के प्रतिफल**

12. अस्थि उपास्थि की अपेक्षा कठोर होती है। **SCI 601**
13. जंतुओं में गति हड्डियों और पेशियों के संकुचन से होती है। **SCI 601**
14. केंचुए में गति शरीर की पेशियों के बारी–बारी संकुचन से होती है। **SCI 601**
15. मछली शरीर के दोनों ओर वलय बनाकर जल में तैरती है। **SCI 601**
16. मेरुदंड छोटी–छोटी अस्थियों से मिलकर नहीं बनता। **SCI 601**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

17. व्यस्क मानव शरीर में कुल कितनी हड्डियाँ होती हैं? **SCI 601**
18. कंदुक खल्लिका संधि शरीर के किस भाग में होती है? **SCI 601**
19. मानव शरीर के किन्हीं दो अंगों के नाम बताइए, जिनमें हड्डियाँ नहीं पाई जाती। **SCI 601**
20. मानव शरीर की सबसे बड़ी हड्डी का नाम लिखिए। **SCI 601**
21. हिंज संधि शरीर के किस भाग में पाई जाती है और यह किन–किन हड्डियों को जोड़ती है? **SCI 601**
22. पसली–पिंजर शरीर के किन–किन अंगों की रक्षा करता है? **SCI 601**


**लघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

23. मांसपेशियाँ किस प्रकार गति में सहायक होती हैं? **SCI 606**
24. कौन सी पेशियाँ कॉकरोच को उड़ने में मदद करती हैं? यह किस भाग में पाई जाती हैं? **SCI 601**
25. अस्थि तथा उपास्थि में उदाहरण देकर अन्तर स्पष्ट करें। **SCI 602**



docs.aglasem.com
aglasem.com

26. नीचे दिए गए रिक्त स्थान को भरिए। **SCI 601**




**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

27. मानव शरीर में कंकाल के प्रमुख कार्यों का चित्र सहित वर्णन कीजिए। **SCI 606, 608**
28. यदि कंकाल नहीं होता तो क्या होता? इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए। **SCI 604**
29. मनुष्य में कितने प्रकार की संधियाँ होती हैं? सभी के नाम उदाहरण सहित लिखें। **SCI 601**
30. निम्नलिखित संधियों के चित्र बनाइए– **SCI 608**
    (i) हिंज संधि (ii) कंदुक खल्लिका संधि



docs.aglasem.com
aglasem.com

## अध्याय–9
## सजीव एवं उनका परिवेश

**बहुविकल्पीय प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

1. निम्न में से कौन सा मरूस्थलीय पौधा है? **SCI 601**
   (क) ओक (ख) कैक्टस (ग) देवदार (घ) चीड़
2. निम्न में से कौन से जंतु का आवास केवल स्थलीय आवास है? **SCI 601**
   (क) मछली (ख) मेंढक ग) मगरमच्छ (घ) चींटी
3. निम्न में से कौन सा पर्यावरण का जैव घटक है? **SCI 601**
   (क) मृदा (ख) जीवाणु (ग) सूर्य का प्रकाश (घ) जल
4. जिस प्रकार मानव फेफड़ों से श्वसन करता है। मछली यह कार्य अपने किस अंग से करती है? **SCI 601**
   (क) त्वचा (ख) फेफड़े
   (ग) गिल (क्लोम) (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं
5. कौन सा जलीय जीव बिना श्वास लिए लम्बे समय तक जल में रह सकता है ? **SCI 601**
   (क) स्टारफिश (ख) डॉल्फिन (ग) ऑक्टोपस (घ) साँप
6. निम्न में से कौन सा कथन कैक्टस पौधे से सम्बंधित नहीं है– **SCI 601**
   क) पत्तियाँ अनुपस्थित या छोटी होती हैं (ख) जड़ें ज्यादा गहराई तक नहीं होती
   (ग) पत्तियाँ काँटों का रूप ले लेती हैं (घ) तना मोटी मोमी परत से ढका होता है
7. ध्रुवीय क्षेत्र में पाए जाने वाले जंतुओं का उदाहरण है– **SCI 601**
   (क) पेंग्विन (ख) शेर (ग) तेंदुआ (घ) हिरण
8. पेड़–पौधे भोजन बनाने के लिए कौन सी गैस का प्रयोग करते हैं? **SCI 601**
   (क) ऑक्सीजन (ख) कार्बन डाइऑक्साइड
   (ग) नाइट्रोजन (घ) सल्फर डाइऑक्साइड
9. जैव प्रक्रम में उत्सर्जन का सम्बन्ध है– **SCI 601**
   (क) गैसों के अन्तग्रहण से (ख) पाचन से
   (ग) रक्त परिसंचरण से (घ) अपशिष्ट पदार्थों के निष्कासन से
10. पौधों में प्रजनन का तरीका नहीं है– **SCI 601**
    (क) अंडे देना (ख) कायिक प्रवर्धन (ग) बीजों से (घ) कलम से

**रिक्त स्थान भरें** — **सीखने के प्रतिफल**

11. वायु, मृदा और ..... पर्यावरण के अजैव घटक हैं। **SCI 601**
12. दूसरे जंतुओं का शिकार करने वाले जंतुओं को ..... कहते हैं। **SCI 601**
13. ..... क्षेत्र में शंक्वाकार वृक्ष पाए जाते हैं। **SCI 601**
14. जल में पाए जाने वाले पौधे और जंतुओं के आवास को ..... कहते हैं। **SCI 601**
15. केंचुआ ..... द्वारा श्वसन करता है। **SCI 601**
16. पौधे की श्वसन प्रक्रिया में गैसों का आदान–प्रदान मुख्यतः ..... द्वारा होता है। **SCI 601**
17. मरूस्थलीय पौधों में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया ..... में होती है। **SCI 601**

**सत्य / असत्य** — **सीखने के प्रतिफल**

18. मछली के पंख और पूंछ दिशा परिवर्तन और संतुलन बनाये रखने में सहायता करते हैं। **SCI 601**
19. प्रकाश एवं ऊष्मा पर्यावरण के जैव घटक हैं। **SCI 601**
20. मछली फेफड़ों द्वारा श्वसन करती है। **SCI 601**
21. पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले जंतुओं की मोटी परत और फर उनका ठण्ड से बचाव करती है। **SCI 601**
22. शेर पर्वतीय क्षेत्रों में रहता है। **SCI 601**
23. मेंढक आमतौर पर तालाब में पाया जाने वाला जंतु है। **SCI 601**



docs.aglasem.com
aglasem.com

24. पौधे,जंतु एवं सूक्ष्म जीव संयुक्त रूप से अजैव घटक है। **SCI 601**

**अलग को पहचानिए** **सीखने के प्रतिफल**

25. पहाड़ी तेंदुआ, याक, पहाड़ी बकरी, ऊँट **SCI 601**
26. कुर्सी, मेज़, पत्थर, बिल्ली **SCI 601**
27. मृदा, वायु, जल, सूक्ष्मजीव **SCI 601**
28. त्वचा, फ़ेफड़े, क्लोम, पंख **SCI 601**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

29. आवास किसे कहते हैं? **SCI 601**
30. अनुकूलन क्या है? **SCI 606**
31. मरुस्थल में पाए जाने वाले पौधों और जंतुओं का एक–एक उदाहरण दीजिए। **SCI 601**
32. पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले वृक्षों का आकार कैसा होता है? **SCI 601**
33. पौधों में जड़ों का क्या कार्य है? **SCI 606**
34. पौधे किस विधि द्वारा अपना भोजन बनाते हैं? **SCI 601**

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

35. ऊंट मरुस्थल में रहने के लिए किस प्रकार अनुकूलित है? **SCI 605**
36. मरुस्थल में रहने वाले चूहे और सांप अपने आप को गर्मी से बचाने के लिए क्या करते हैं? **SCI 605**
37. पेड़–पौधों में प्रजनन कैसे होता है? संक्षेप में लिखें। **SCI 606**
38. सभी सजीवों को भोजन की आवश्यकता क्यों होती है ? **SCI 606**
39. मरूस्थलीय पौधों की जडें मिट्टी में गहराई तक चली जाती हैं। क्यों? **SCI 605**
40. पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले वृक्ष शंक्वाकार क्यों होते हैं? **SCI 606, 605**
41. पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले जंतु वहां की परिस्थितियों के प्रति कैसे अनुकूलित होते हैं? **SCI 605**

**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

42. घासस्थल में पाए जाने वाले जंतुओं की कौन–कौन सी विशेषताएं उनको जीवित रहने योग्य बनाती हैं? घासस्थल पर पाए जाने वाले दो जंतुओं के उदाहरण दीजिए। **SCI 601**
43. निम्न सारणी को पूरा कीजिए – **SCI 601**

| जंतु | आवास के प्रकार |
|---|---|
| मछली | |
| चींटी | |
| चिड़िया | |
| मगरमच्छ | |
| शेर | |
| डॉल्फिन | |



docs.aglasem.com
aglasem.com

## अध्याय – 10
## गति एवं दूरियों का मापन

**बहुविकल्पीय प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

1. लम्बाई का मानक (SI) मात्रक क्या है? **SCI 601**
   (क) फुट (ख) किलोमीटर (ग) मीटर (घ) सेंटीमीटर
2. एक मीटर के 100 बराबर भाग को क्या कहते हैं? **SCI 601**
   (क) सेंटीमीटर (ख) किलोमीटर (ग) मिलीमीटर (घ) कोई भी नहीं
3. मीटर पद्धति की रचना .....ने की। **SCI 601**
   (क) भारत (ख) फ्रांस (ग) जर्मनी (घ) अरब
4. लम्बी दूरी को मापने का सबसे उपयुक्त मात्रक है– **SCI 601**
   (क) मिलीमीटर (ख) मीटर (ग) सेंटीमीटर (घ) किलोमीटर
5. घड़ी के सेकंड की सूई की गति कौन सी गति का उदाहरण है– **SCI 601**
   (क) आवर्ती गति का (ख) वर्तुल गति का
   (ग) सरल रेखीय गति का (घ) (क) और (ख) दोनों
6. झूले पर झूलते हुए बच्चे की गति कौन सी गति है? **SCI 601**
   (क) आवर्ती गति (ख) वर्तुल गति
   (ग) सरल रेखीय गति (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं
7. चलती हुई साइकिल के पहिए में कौन सी गति होगी? **SCI 601**
   (क) सरल रेखीय (ख) आवर्ती (ग) वर्तुल (घ) उपरोक्त सभी

**रिक्त स्थान भरें** — **सीखने के प्रतिफल**

8. समस्त संसार में..... मात्रक प्रणाली का उपयोग हो रहा है। **SCI 601**
9. एक सेंटीमीटर में ..... मिलीमीटर होते हैं। **SCI 601**
10. किसी सिलाई मशीन की सुई की गति ..... होती है। **SCI 601**
11. पंखे की पंखुड़ियों की गति ..... होती है। **SCI 601**

**सत्य / असत्य** — **सीखने के प्रतिफल**

12. रेलगाड़ी थल पर उपयोग किया जाने वाला परिवहन का साधन है। **SCI 601**
13. 1 सेंटीमीटर 100 मिलीमीटर के बराबर होता है। **SCI 601**
14. किसी लोलक की गति सरल रेखीय गति का उदाहरण है। **SCI 601**
15. किसी झूले पर बच्चे की गति आवर्ती गति का उदाहरण है। **SCI 601**
16. फर्श पर लुढकती गेंद की गति सरल रेखीय गति और घूर्णन गति का उदाहरण है। **SCI 601**

**सही मिलान करें** — **सीखने के प्रतिफल**

17. मिलान करें– **SCI 601**

| **कॉलम A** | **कॉलम B** |
|---|---|
| पंखा | आवर्ती |
| झूला | सरल रेखीय |
| बस | वर्तुल |
| | सरल रेखीय और घूर्णन |

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

18. किसी खम्बे की लम्बाई 9.5 मीटर है, इसे सेंटीमीटर में व्यक्त कीजिए। **SCI 607**
19. घूर्णन करते हुए बिजली का पंखा कौन सी गति प्रदर्शित करता है? **SCI 601**
20. आवर्ती गति के दो उदाहरण दीजिए। **SCI 601**



docs.aglasem.com
aglasem.com

21. 100 मीटर दौड़ लगाते हुए चालक की गति कैसी होगी? **SCI 601**

22. हम मात्रकों की किस प्रणाली का प्रयोग करते हैं? **SCI 601**

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

23. एक समान मापन प्रणाली को विकसित करने की आवश्यकता क्यों पड़ी? **SCI 604**

24. छत के पंखे तथा फर्श पर लुढ़कती गेंद की गतियों की समानताएं और असमानताएं लिखिए। **SCI 602**

25. किसी चलती हुई साइकिल के पहिए और चलते हुए छत के पंखे की गतियों में समानताएं और असमानताएं लिखिए। **SCI 602**

26. सीमा के घर से उसके स्कूल की दूरी 4387 मीटर है,इसे किलोमीटर में व्यक्त कीजिए। **SCI 607**


**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

27. विभिन्न प्रकार की गतियों की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। **SCI 603,606**

28. पग अथवा कदम का उपयोग लम्बाई के मानक मात्रक के रूप में क्यों नहीं किया जाता? **SCI 610, 604**

29. गति किसे कहते हैं? यह मुख्यतः कितने प्रकार की होती है? प्रत्येक का एक–एक उदाहरण दीजिए। **SCI 603**

30. प्रवाह चित्र को पूर्ण कीजिए– **SCI 608**







docs.aglasem.com
aglasem.com

## अध्याय–11
## प्रकाश–छायाएँ एवं परावर्तन

**बहुविकल्पीय प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

1. पारदर्शी वस्तु का उदाहरण है– **SCI 601**
   (क) गत्ते का टुकड़ा (ख) कागज़ (ग) वायु (घ) लकड़ी का टुकड़ा
2. कौन सी वस्तुएं छाया बनाती हैं? **SCI 601**
   (क) पारदर्शी (ख) अपारदर्शी
   (ग) क और ख दोनों (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं
3. काँच एक ..... वस्तु है – **SCI 601**
   (क) पारदर्शी (ख) पारभासी (ग) अपारदर्शी (घ) इनमें से कोई नहीं
4. सूर्य का प्रकाश किस रेखा के अनुदिश गमन करता है– **SCI 601**
   (क) सरल रेखा में (ख) वक्र रेखा में
   (ग) तिरछी रेखा में (घ) सरल तथा तिरछी दोनों रेखाओं में
5. रबड़, पेंसिल,नोटबुक और काँच में कौन अपारदर्शी वस्तु नहीं है? **SCI 601**
   (क) पेंसिल (ख) काँच (ग) रबड़ (घ) नोटबुक
6. नीचे दिए गए चित्र का अवलोकन करके सही विकल्प चुनें– **SCI 601**
   (क) प्रकाश का अपवर्तन (ख) प्रकाश का गमन
   (ग) प्रकाश का परावर्तन
   (घ) ख और ग दोनों



7. सूर्य ग्रहण प्रारंभ होने से पहले सूर्य का प्रतिबिम्ब धीरे–धीरे किस रंग का हो जाता है? **SCI 601**
   (क) लाल (ख) पीला (ग) काला (घ) नीला
8. सूची छिद्र कैमरे का उपयोग किया जाता है– **SCI 601**
   (क) दीप्त वस्तु के प्रतिबिम्ब को देखने के लिए
   (ख) अदीप्त वस्तु के प्रतिबिम्ब को देखने के लिए
   (ग) (क) और (ख) दोनों
   (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**रिक्त स्थान भरें** **सीखने के प्रतिफल**

9. अपारदर्शी वस्तुएं ..... बनाती हैं। **SCI 601**
10. जो वस्तुएं सूर्य की तरह स्वयं प्रकाश का उत्सर्जन करती हैं, उन्हें ..... पिंड कहते हैं। **SCI 601**
11. हमें सूर्य के प्रकाश को कदापि ..... नहीं देखना चाहिए। **SCI 601**
12. प्रकाश ..... रेखा में गमन करता है। **SCI 601**
13. प्रतिबिम्ब ..... से भिन्न होते हैं। **SCI 601**
14. ..... वस्तु के आर–पार देख सकते हैं लेकिन स्पष्ट नहीं। **SCI 601**
15. सूर्य एक ..... पिंड है। **SCI 601**



docs.aglasem.com
aglasem.com

## सही मिलान करें — सीखने के प्रतिफल

16. मिलान करें— **SCI 601**

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| सूर्य | अपारदर्शी |
| साफ पानी | अदीप्त पिंड |
| चाँद | दीप्त पिंड |
| नोट बुक | पारदर्शी |

## अलग को पहचानिए — सीखने के प्रतिफल


17. पेन, नोटबुक, रबड़, काँच **SCI 601**
18. टॉर्च, बल्ब, सूर्य, प्लास्टिक **SCI 601**
19. पारदर्शी, अपारदर्शी, पारभासी, परावर्तन **SCI 601**
20. मोमबत्ती, गत्ते का टुकड़ा, पत्थर, लकड़ी का टुकड़ा **SCI 601**

## अति लघुत्तरात्मक प्रश्न — सीखने के प्रतिफल

21. दीप्त पिंड किसे कहते हैं? **SCI 601**
22. जिन वस्तुओं के आर–पार हम स्पष्ट रूप से नहीं देख सकते उन वस्तुओं को क्या कहते हैं? **SCI 601**
23. पारदर्शी वस्तुओं के दो उदाहरण दीजिए। **SCI 601**
24. अपारदर्शी वस्तुएं क्या बनाती हैं? **SCI 601**
25. प्रकाश का परावर्तन किसे कहते हैं? **SCI 606**
26. हमें सूर्य को सीधे क्यों नहीं देखना चाहिए? **SCI 604**
27. हम अंधेरे कमरे में वस्तु को क्यों नहीं देख पाते? **SCI 605**
28. दीप्त वस्तुओं के कोई तीन उदाहरण दीजिए। **SCI 601**
29. सूर्य ग्रहण का प्रारम्भ होने से पहले सूर्य के प्रतिबिम्ब का एक भाग कैसा हो जाता है? **SCI 606**

## लघु उत्तरात्मक प्रश्न — सीखने के प्रतिफल

30. नीचे दिया गया चित्र क्या प्रदर्शित कर रहा है? वर्णन करें। **SCI 606**



31. आप अंधेरे कमरे में अपने सामने रखे दर्पण में अपने चेहरे का परावर्तन देख पाएंगे या नहीं। क्यों? **SCI 605**

## दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न — सीखने के प्रतिफल

32. सूर्य का प्रकाश सरल रेखा के अनुदिश गमन करता है। क्रिया–कलाप द्वारा इसकी व्याख्या कीजिए। **SCI 606,04**
33. सूची छिद्र कैमरे की सरंचना का सचित्र वर्णन कीजिए। **SCI 609**
34. पारदर्शी, अपारदर्शी और पारभासी वस्तुओं में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। **SCI 602**
35. क्रियाकलाप द्वारा सिद्व करें कि प्रकाश सरल रेखा में गमन करता है। **SCI 605, 609**



docs.aglasem.com
aglasem.com


## अध्याय–12
## विद्युत् तथा परिपथ

**बहुविकल्पीय प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**


1. विद्युत्–सेल में ऊर्जा किस रूप में संचित रहती है ? **SCI 601**
   (क) रासायनिक ऊर्जा के रूप में (ख) विद्युत्–ऊर्जा के रूप में
   (ग) यांत्रिक ऊर्जा के रूप में (घ) (क) और (ख) दोनों
2. विद्युत्–बल्ब में प्रकाश उत्सर्जन करने वाले पतले तार को क्या कहते हैं ? **SCI 601**
   (क) स्विच (ख) टर्मिनल
   (ग) तंतु (घ) कुंजी
3. विद्युत्–सेल में विद्युत्–धारा के प्रवाह की दिशा क्या होगी ? **SCI 601**
   (क) धनात्मक से ऋणात्मक सिरे की ओर (ख) ऋणात्मक से धनात्मक सिरे की ओर
   (ग) धनात्मक और ऋणात्मक सिरे से सेल के मध्य की ओर (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं
4. नीचे दिए गए चित्र का अवलोकन करें और बताएं कि बल्ब दीप्तिमान क्यों नहीं हो रहा है? **SCI 601**



   (क) विद्युत्–परिपथ टूटा हुआ है (ख) बल्ब फ्यूज़ है
   (ग) (क) और (ख) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं
5. दिए गए चित्र को देखकर बताएं कि बल्ब क्यों दीप्त नहीं होगा? **SCI 601**



   (क) परिपथ पूरा नहीं है (ख) स्विच ऑन है
   (ग) बल्ब फ्यूज़ है (घ) (क) और (ग) दोनों
6. निम्न में से कौन–सा विद्युत् रोधक पदार्थ है– **SCI 601**
   (क) तांबा (ख) चाबी
   (ग) रबड़ (घ) एलुमिनियम
7. दिए गए चित्र में स्विच की स्थिति क्या है? **SCI 601**



   (क) स्विच ऑफ है (ख) स्विच ऑन है
   (ग) स्विच ऑन, ऑफ है (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं



docs.aglasem.com
aglasem.com

8. घर में स्विच की मुरम्मत करते समय विद्युत्–मिस्त्री क्या पहनते हैं? **SCI 601**
(क) दस्ताने (ख) रबड़ के दस्ताने
(ग) जैकेट (घ) टोपी

**रिक्त स्थान भरें** **सीखने के प्रतिफल**

9. थर्मोकोल की शीट विद्युत्..... पदार्थ है। **SCI 601**
10. पदार्थ जिनमें से विद्युत्–धारा प्रवाहित हो सकती है,.....पदार्थ कहलाते हैं। **SCI 601**
11. वह पदार्थ जिनमें से विद्युत्–धारा का प्रवाह नहीं होता,.....पदार्थ कहलाते हैं। **SCI 601**
12. विद्युत्–सेल में विद्युत्–धारा की दिशा..... से ..... टर्मिनल की ओर होती है। **SCI 601**
13. प्रकाश उत्सर्जित करने वाले पतले तार को बल्ब का ..... कहते हैं। **SCI 601**
14. बल्ब केवल तभी दीप्त होता है जब परिपथ में ..... प्रवाहित होती है। **SCI 601**
15. तांबा और एलुमिनियम विद्युत् ..... पदार्थ हैं। **SCI 601**
16. विद्युत्–सेल में संचित रासायनिक पदार्थों से सेल ..... उत्पन्न करता है। **SCI 601**
17. विद्युत्–सेल में ..... और ..... टर्मिनल होते हैं। **SCI 601**

**सही मिलान करें** **सीखने के प्रतिफल**

18. **SCI 601**

| **कॉलम A** | **कॉलम B** |
|---|---|
| विद्युत्–सेल | तंतु |
| एलुमिनियम | विद्युत्–रोधक |
| प्लास्टिक | विद्युत्–चालक |
| विद्युत्–बल्ब | टर्मिनल |

**अलग को पहचानिए** **सीखने के प्रतिफल**

19. विद्युत्–सेल, विद्युत्–बल्ब, विद्युत्–तार, थर्मोकोल **SCI 601**
20. चांदी, तांबा, एलुमिनियम, रबड़ **SCI 601**
21. लोहे की कील, लकड़ी, चाबी, ड्राइंग पिन **SCI 601**
22. टर्मिनल, धातु की तार, स्विच, कागज़ **SCI 601**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

23. विद्युत्–सेल में विद्युत्–प्रवाह की दिशा क्या होती है? **SCI 601**
24. विद्युत्–चालक के दो उदाहरण दीजिए। **SCI 601**
25. विद्युत्–रोधक के दो उदाहरण दीजिए। **SCI 601**
26. निम्न चित्र में बल्ब दीप्त क्यों नहीं होगा? **SCI 605**



27. विद्युत्–सेल में ऊर्जा किस रूप में संचित रहती है? **SCI 601**
28. परिपथ पूरा होने पर भी यदि बल्ब दीप्तिमान नहीं होता है, तो इसके क्या कारण हो सकते हैं? **SCI 601**
29. टॉर्च में विद्युत्–धारा का स्रोत सामान्यत क्या होता है? **SCI 601**




docs.aglasem.com
aglasem.com

30. एक ऐसी युक्ति का नाम बताइए जो विद्युत्–धारा के प्रवाह को रोकने या प्रारंभ करने के लिए परिपथ को तोड़ता अथवा पूरा करता है। **SCI 601**

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

31. विद्युत्–परिपथ में धातु के तारों के स्थान पर जूट की डोरी प्रयुक्त क्यों नहीं की जाती? **SCI 605,04**
32. विद्युत्–मिस्त्री द्वारा उपयोग किए जाने वाले औज़ार के हत्थों पर प्लास्टिक या रबड़ के आवरण क्यों चढ़े होते हैं? **SCI605,04**
33. विद्युत्–रोधक और विद्युत्–चालक पदार्थों के तीन–तीन उदाहरण लिखिए। **SCI 601**
34. प्रवाह चित्र को पूर्ण कीजिए। **SCI 608**




**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

35. आप अपने स्तर पर एक विद्युत्–स्विच तैयार करने के लिए किस–किस सामग्री का उपयोग करेंगे, साथ ही स्विच बनाने की विधि चित्र सहित समझाइए। **SCI 609,06**
36. विद्युत्–परिपथ का नामांकित आरेख बनाइए। **SCI 608**
37. नीचे दी गई सारणी का अध्ययन करके, सारणी में रिक्त स्थानों को पूरा करें– **SCI 603**

| स्विच के स्थान पर उपयोग की गई वस्तु | पदार्थ, जिसकी यह बनी है | बल्ब जलता है या नहीं |
|---|---|---|
| चाबी | धातु | हाँ |
| स्केल | ..... | नहीं |
| लोहे की कील | ..... | ..... |
| माचिस की तीली | लकड़ी | ..... |

38. घरों में बिजली की बचत करने में हम किस प्रकार अपना योगदान दे सकते हैं? **SCI 611**



docs.aglasem.com
aglasem.com

## अध्याय–13
## चुम्बकों द्वारा मनोरंजन


**बहुविकल्पीय प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

1. प्राकृतिक चुम्बक का उदाहरण है– **SCI 601**
   (क) लोहा (ख) छड़ चुम्बक (ग) मैग्नेटाइट (घ) विद्युत्–चुम्बक
2. निम्न में से कौन सा कृत्रिम चुम्बक का उदाहरण नहीं है– **SCI 601**
   (क) मैग्नेटाइट (ख) गोलांत चुम्बक (ग) छड़ चुम्बक (घ) नाल चुम्बक
3. कौन सा पदार्थ चुम्बकीय पदार्थ नहीं है? **SCI 601**
   (क) लोहा (ख) तांबा (ग) निकिल (घ) कोबाल्ट
4. दो चुम्बकों के समान सिरे एक दूसरे को– **SCI 601**




   (क) प्रतिकर्षित करते हैं (ख) आकर्षित करते हैं
   (ग) स्थिर रहते हैं (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

5. निम्न चित्र क्या प्रदर्शित करता है? **SCI 601**



   (क) आकर्षण (ख) प्रतिकर्षण
   (ग) प्राकृतिक चुम्बक बनाना (घ) अपना चुम्बक स्वयं बनाना
6. निम्न चित्र से आप क्या अवलोकन करेंगे? **SCI 601**



   (क) गति करता चुम्बक
   (ख) स्वतंत्रतापूर्वक लटका हुआ चुम्बक गति करता रहेगा
   (ग) स्वतंत्रतापूर्वक लटका हुआ चुम्बक स्थिर रहेगा
   (घ) स्वतंत्रतापूर्वक लटका हुआ चुम्बक सदैव उत्तर–दक्षिण दिशा की ओर संकेत करेगा

7. निम्न में से किस गतिविधि द्वारा चुम्बक के चुम्बकीय गुण खत्म हो जाते हैं ? **SCI 601**
   (क) पीटने से (ख) ऊंचाई से गिराने से
   (ग) गर्म करने पर (घ) उपरोक्त सभी



docs.aglasem.com
aglasem.com

**रिक्त स्थान भरें** — **सीखने के प्रतिफल**

8. कबाड़ के ढेर से लोहा अलग करने के लिए ..... चुम्बक का प्रयोग किया जाता है। **SCI 601**
9. छड़ चुम्बक,..... और बेलनाकार चुम्बक कृत्रिम चुम्बक के उदाहरण हैं। **SCI 601**
10. चुम्बक के समान सिरे एक–दूसरे को ..... करते हैं। **SCI 601**
11. चुम्बक के सदैव ..... ध्रुव होते हैं। **SCI 601**
12. चुम्बक के गुणों पर आधारित युक्ति जो दिशा निर्धारण में सहायक होती है,..... के नाम से जानी जाती है। **SCI 601**

**सत्य / असत्य** — **सीखने के प्रतिफल**

13. लोहा एक अचुम्बकीय पदार्थ है। **SCI 601**
14. गोलांत चुम्बक एक कृत्रिम चुम्बक है। **SCI 601**
15. दिक्सूचक सूई दिशा निर्धारण में सहायक है। **SCI 601**
16. गर्म करने पर चुम्बक अपने गुण नहीं खोता है। **SCI 601**
17. चुम्बक को टेलीविज़न, कंप्यूटर आदि के नज़दीक नहीं रखना चाहिए। **SCI 601**
18. स्वतन्त्रता पूर्वक लटकता चुम्बक सदैव उत्तर–दक्षिण दिशा की ओर संकेत करता है। **SCI 601**

**सही मिलान करें** — **सीखने के प्रतिफल**

19. **मिलान करें–** **SCI 601**

| **कॉलम A** | **कॉलम B** |
|---|---|
| मैग्नेटाईट | दिशा निर्धारण |
| नाल चुम्बक | कृत्रिम चुम्बक |
| कंपास | चुम्बकीय पदार्थ |
| कोबाल्ट | प्राकृतिक चुम्बक |

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

20. चुम्बकीय पदार्थों के कोई दो उदाहरण दीजिए। **SCI 601**
21. कृत्रिम चुम्बक क्या होता है? **SCI 601**
22. क्या मिट्टी चुम्बकीय पदार्थ है? **SCI 601**
23. कंपास का एक उपयोग लिखिए। **SCI 606**
24. जब चुम्बक को गर्म किया जाता है तब क्या होता है? **SCI 606**
25. कृत्रिम चुम्बकों के उदाहरण दीजिए। **SCI 601**

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

26. लोहे का बुरादा चुम्बक के सिरों पर ही क्यों चिपकता है? **SCI 605**
27. लकड़ी के बुरादे में लोहे की कीलें मिश्रित हो गई हैं। आप लोहे की कीलों को बुरादे से कैसे अलग करेंगे? **SCI 601**
28. चुंबकीय और अचुंबकीय पदार्थों में अंतर स्पष्ट कीजिए? **SCI 602**
29. छड़ चुम्बक के ध्रुव कहाँ स्थित होते हैं? **SCI 604**
30. स्वतंत्रता पूर्वक लटकाने पर चुम्बक सदैव उत्तर–दक्षिण दिशा में आकर रुकता है, क्यों? **SCI 605**

**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

31. चुम्बक का प्रयोग करते समय कौन–कौन सी सावधानियाँ रखनी चाहिए? **SCI 604**
32. एक लोहे की पत्ती को चुम्बक बनाने की विधि का चित्र सहित वर्णन करें। **SCI 610,06**
33. चुम्बक को मोबाइल, टेलीविज़न आदि से दूर रखना चाहिए, क्यों? **SCI 610,04**




docs.aglasem.com
aglasem.com

## अध्याय–14
## जल

**बहुविकल्पीय प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

1. जब गर्म बर्तन में जल का छिड़काव किया जाता है तो जल भाप बनकर ऊपर उठता है इस का कारण है– **SCI 601**
   (क) वाष्पीकरण (ख) संघनन
   (ग) पृथक्करण (घ) क्रिस्टलीकरण
2. नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखें और बताएं कि यह किस प्रक्रिया को दर्शाता है? **SCI 601**



   (क) संघनन (ख) जल चक्र (ग) पृथक्करण (घ) वाष्पीकरण

3. जल का मुख्य स्रोत क्या है? **SCI 601**
   (क) वर्षा जल (ख) समुद्री जल (ग) भौमजल (घ) सतह जल
4. जब लम्बे समय तक वर्षा न हो तो क्या होता है? **SCI 601**
   (क) बाढ़ (ख) सूखा (ग) हरियाली (घ) वर्षा
5. निम्न चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और सही विकल्प चुनिए– **SCI 601**



   (क) जल चक्र (ख) बाढ़ (ग) सूखा (घ) तूफ़ान

6. पादप निम्न में से कौन सी प्रक्रिया से जल निष्कासित करते हैं ? **SCI 601**
   (क) वाष्पोत्सर्जन (ख) प्रकाश संश्लेषण (ग) श्वसन (घ) संचरण

**रिक्त स्थान भरें** **सीखने के प्रतिफल**

7. वाष्पीकरण की प्रक्रिया में जल ..... में परिवर्तित होता है। **SCI 601**
8. लम्बे अंतराल तक वर्षा न होने के कारण ..... पड़ता है। **SCI 601**
9. वर्षा के जल को संग्रहित करके रखने की विधि को ..... कहते हैं। **SCI 601**



docs.aglasem.com
aglasem.com

10. भूमि की सतह के नीचे पाए जाने वाले जल को ..... कहते हैं। **SCI 601**
11. जब बर्फ पिघलती है तो ..... में परिवर्तित होती है। **SCI 601**
12. जल से जल–वाष्प बनने की प्रक्रिया को ..... कहते हैं। **SCI 601**
13. वायु में उपस्थित जल की छोटी–छोटी बूँदों को ..... कहते हैं। **SCI 601**
14. जल कण संघनित होकर ..... बनाते हैं। **SCI 601**

**सत्य / असत्य** **सीखने के प्रतिफल**

15. जल केवल महासागरों से ही वाष्पित होता है। **SCI 601**
16. बाढ़ के दौरान फसलें, जंगल, गाँव और शहर पानी में डूबे रहते हैं। **SCI 601**
17. वाष्पीकरण के कारण वाष्पित हुआ जल हमेशा के लिए नष्ट हो जाता है। **SCI 601**
18. समुद्री जल में बहुत अधिक लवण पाए जाते हैं और यह पीने के लिए उपयोगी नहीं होता है। **SCI 601**
19. पृथ्वी पर उपस्थित जल की बहुत कम मात्रा ही पीने के योग्य है। **SCI 601**

**अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

20. हम बाल्टी से जल के ह्रास (loss) को क्यों नहीं देख पाते हैं? **SCI 606**
21. हम वाष्पित जल को क्यों नहीं देख पाते हैं? **SCI 606**
22. पादपों द्वारा जल के निष्कासन को क्या कहते हैं? **SCI 601**

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

23. भू–जल को कैसे प्राप्त किया जा सकता है? **SCI 606**
24. बादल कैसे बनते हैं? **SCI 606**
25. वाष्पन एंव संघनन प्रक्रिया में अंतर स्पष्ट करें। **SCI 602**
26. पृथ्वी के दो तिहाई भाग पर जल होने पर भी यह पीने योग्य क्यों नहीं हैं? **SCI 606**

**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

27. सूखे और बाढ़ के प्रभावों का वर्णन कीजिए। **SCI 611**
28. जल चक्र की चित्र सहित व्याख्या कीजिए। **SCI 606,608**
29. जल सरंक्षण के महत्त्व की व्याख्या करें। **SCI 611**
30. पृथ्वी पर पीने योग्य जल की मात्रा सीमित है अतः हमें इसका संरक्षण करना चाहिए। इस कथन की सार्थकता को ध्यान में रखते हुए आप अपने समुदाय को जल संरक्षण के विभिन्न उपायों के विषय में क्या सुझाव देगें? **SCI 611,612,613**



docs.aglasem.com
aglasem.com

## अध्याय–15
## हमारे चारों ओर वायु

**बहुविकल्पीय प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

1. वायु में ऑक्सीजन की मात्रा कितने प्रतिशत होती है? **SCI 601**
   (क) 78% (ख) 21% ग) 0.03% (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं
2. कौन सी गैस दहन में सहायता करती है? **SCI 601**
   (क) नाइट्रोजन (ख) ऑक्सीजन
   (ग) कार्बन डाइऑक्साइड (घ) इनमें से कोई नहीं
3. उस गैस का नाम बताइए जो पौधों द्वारा सीधे अवशोषित नहीं होती है? **SCI 601**
   (क) नाइट्रोजन (ख) हाइड्रोजन
   (ग) ऑक्सीजन (घ) कार्बन डाइऑक्साइड
4. नाइट्रोजन स्थिरीकरण में निम्न में से कौन सा जीवाणु सहायता करता है? **SCI 601**
   (क) लैक्टोबेसिलस (ख) माइक्रोबैक्टेरियम
   (ग) राइज़ोबियम (घ) ई.कोलाई
5. महासागरों से गड्ढों में एकत्रित खारा जल किस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप नमक में परिवर्तित हो जाता है? **SCI 601**
   (क) उर्ध्वपातन (ख) संघनन
   (ग) ऊष्मा (घ) वाष्पीकरण
6. उस जंतु का नाम बताएं जो ऑक्सीजन को गिल (क्लोम) द्वारा ग्रहण करता है? **SCI 601**
   (क) मानव (ख) मछली
   (ग) केंचुआ (घ) पादप
7. कौन सी गैस आग बुझाने में काम आती है? **SCI 601**
   (क) कार्बन–डाइऑक्साइड (ख) ऑक्सीजन
   (ग) नाइट्रोजन (घ) सल्फर

**रिक्त स्थान भरें** — **सीखने के प्रतिफल**

8. हवा गंधहीन और ..... होती है। **SCI 601**
9. पौधों में छोटे–छोटे ..... होते हैं जो गैसों का आदान–प्रदान करते हैं । **SCI 601**
10. दहन के दौरान ..... गैस का उपयोग किया जाता है। **SCI 601**
11. जल तथा मिट्टी में ..... उपस्थित होती है। **SCI 601**

**सत्य / असत्य** — **सीखने के प्रतिफल**

12. केंचुआ मृदा से बाहर श्वसन करने के लिए आता है। **SCI 601**
13. वायु भिन्न–भिन्न गैसों का मिश्रण है। **SCI 601**
14. वातावरण में ऑक्सीजन की प्रतिशतता केवल 2 प्रतिशत है। **SCI 601**
15. कोई भी ईंधन जलने पर धुंआ उत्पन्न करता है। **SCI 601**

**सही मिलान करें** — **सीखने के प्रतिफल**

16. **मिलान करें -** **SCI 601**


| **कालम A** | **कालम B** |
|---|---|
| ऑक्सीजन | गतिशील वायु |
| पृथ्वी को घेरे हुए वायु की परत | 21 प्रतिशत |
| पवन | प्रकाश संश्लेषण |
| पौधों में भोजन बनाने की प्रकिया | वायुमण्डल |



docs.aglasem.com
aglasem.com

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

17. निम्न चित्र में दर्शाए गए यंत्र का नाम बताएं। **SCI 601**




18. दहन में सहायक गैस का नाम बताइए। **SCI 601**
19. वायु में नाइट्रोजन कितने प्रतिशत मात्रा में पाई जाती है? **SCI 601**

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

20. आग लगने की घटना के समय जलती हुई वस्तु के ऊपर कंबल क्यों लपेटा जाता है? **SCI 604**
21. वायु प्रदूषण के कारण बताइए? **SCI 611**

**दीर्घ उत्तरात्मकप्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

22. दिए गए चित्र के (क) और (ख) भाग को ध्यानपूर्वक देखिए चित्र (क) में मोमबत्ती लगातार जल रही है जबकि चित्र (ख) में जली हुई मोमबत्ती बुझ जाती है क्यों? **SCI 604**



(क) (ख)

23. एक क्रियाकलाप द्वारा समझाइए कि वायु स्थान घेरती है। **SCI 606, 04**
24. कारण बताएं– **SCI 604**
    (क) पर्वतारोही अपने साथ ऑक्सीजन सिलिडंर ले जाते है।
    (ख) मुँह से साँस नहीं लेना चाहिए।
    (ग) यातायात नियंत्रित करते समय ट्रैफ़िक पुलिस कर्मी प्रायः मास्क पहने रहते है।



docs.aglasem.com
aglasem.com

## अध्याय–16
## कचराः संग्रहण एवं निपटान

**बहुविकल्पीय प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

1. लाल केंचुए के द्वारा कम्पोस्ट बनाने की विधि को क्या कहा जाता है? **SCI 601**
   (क) परिरक्षण (ख) किण्वन (ग) पाश्चरीकरण (घ) वर्मीकम्पोस्टिंग
2. हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्लास्टिक और थर्मोकोल सामग्री पर प्रतिबन्ध लगाने के कारण हैं– **SCI 601**
   (क) मानव स्वास्थ्य हेतु (ख) पर्यावरण को बचाने हेतु
   (ग) कचरे के निपटान हेतु (घ) उपरोक्त सभी
3. निम्न में से पौधों के लिए सबसे गुणवत्तापूर्ण खाद है– **SCI 601**
   (क) वर्मीकम्पोस्ट (ख) यूरिया (ग) रासायनिक उर्वरक (घ) उपरोक्त सभी

**रिक्त स्थान भरें** — **सीखने के प्रतिफल**

4. सफ़ाई कर्मचारी नगर और शहरों से कचरा एकत्र कर एक गहरे गड्ढे में ले जाते हैं, इन खुले क्षेत्रों को ..... कहते हैं। **SCI 601**
5. पुनः उपयोग में लाए जाने वाले पदार्थ ..... कूड़ेदान में डाले जाते हैं। **SCI 601**
6. लाल केंचुए द्वारा बनाई जाने वाली खाद की विधि को ..... कहते हैं। **SCI 601**
7. पत्तियों को जलाने से हानिकारक ..... उत्पन्न होती है। **SCI 601**

**सत्य / असत्य** — **सीखने के प्रतिफल**

8. प्लास्टिक का पुनः चक्रण किया जा सकता है। **SCI 601**
9. प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बहुत लाभदायक है। **SCI 601**
10. हमें पेड़–पौधों की पत्तियों का निपटान आग लगाकर करना चाहिए। **SCI 601**
11. जलाकर कूड़े का निपटान करने से वातावरण प्रदूषित होता है। **SCI 601**

**सही मिलान करें** — **सीखने के प्रतिफल**

12. मिलान करें : **SCI 601**

| **कॉलम A** | **कॉलम B** |
|---|---|
| हरा कूड़ेदान | वर्मीकम्पोस्टिंग |
| नीला कूड़ेदान | गीला कचरा |
| लाल केंचुआ | सूखा कचरा |
| कम्पोस्ट | पौधों और जंतु अपशिष्ट के अपघटन से तैयार होने वाली खाद |

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

13. पुनः चक्रण वाली दो वस्तुओं के नाम लिखें? **SCI 611**
14. पौधों और जंतुओं के अपशिष्ट के अपघटन से तैयार होने वाली खाद को क्या कहते हैं ? **SCI 611**
15. किन्हीं दो अपशिष्ट पदार्थों के नाम लिखें, जिन्हें लाल केंचुए कम्पोस्ट में परिवर्तित नहीं करते। **SCI 611**


**लघुत्तरात्मक प्रश्न** — **सीखने के प्रतिफल**

16. 'प्लास्टिक वरदान या अभिशाप' कथन की पुष्टि कीजिए। **SCI 606,610**
17. कम्पोस्ट,रासायनिक उर्वरक की अपेक्षा ज्यादा फायदेमंद है, क्यों? **SCI 605,604**
18. क्या कूड़ा निपटान की ज़िम्मेदारी केवल सरकार की है? अपने विचार लिखें। **SCI 611**



docs.aglasem.com
aglasem.com

19. ख़ाली बॉक्स भरें– **SCI 608**




**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न** **सीखने के प्रतिफल**

20. कचरे का सही निपटान न होने के कारण होने वाली समस्याओं की व्याख्या करें। **SCI 611**
21. i) पेड़–पौधों की पत्तियों को जलाकर इनका निपटान नहीं करना चाहिए, क्यों? **SCI 611**
    ii) पत्तियों के निपटान का सही तरीका भी बताइए।
22 पॉलीथिन खा जाना गाय के लिए हानिकारक हो सकता है। इस कथन से आप कितना सहमत हैं? आप पॉलीथिन के निपटान के लिए कोई सुझाव लिखिए। **SCI 611**



docs.aglasem.com
aglasem.com

# मौखिक आकलन और असाइनमेंट कक्षा–6

docs.aglasem.com



aglasem.com

docs.aglasem.com



aglasem.com

## कक्षा – 6
## मौखिक आकलन के लिए कुछ सुझाव

- मौखिक आकलन प्रत्येक पाठ के अंत में किया जा सकता है
- शिक्षक प्रत्येक छात्र से पाठ से सम्बंधित प्रश्न पूछ सकते हैं
- शिक्षक पहले से ही हर प्रश्न के कुल अंक निर्धारित कर सकते हैं
- छात्र द्वारा दिए गए उत्तर के आधार पर उसका मूल्यांकन कर अंक दिए जा सकते हैं
- शिक्षक प्रत्येक पाठ के लिए दिए गए अंकों को जोड़कर, उनका औसत FA के अंकों के तौर पर जमा कर सकते हैं
- अध्यापक द्वारा कक्षा– कक्ष में पाठ पढ़ाते समय करवाई गई गतिविधियों/बनाए गए मॉडल/चार्ट इत्यादि से भी सम्बंधित प्रश्न पूछे जा सकते हैं
- मौखिक आकलन के लिए रुब्रिक (format) का प्रयोग किया जा सकता है
- मौखिक आकलन कक्षा को छोटे– छोटे समूह में बाँटकर भी किया जा सकता है
- समूह में मौखिक आकलन के लिए शिक्षक प्रत्येक पाठ को उप–विषयों में बाँट सकते हैं
- आकलन के दिन शिक्षक एक–एक कर सभी समूहों के छात्रों को बुला सकते हैं और उन्हें अनियमित रूप से किसी भी उप विषय के बारे में मौखिक प्रस्तुतिकरण (presentation) करने को कह सकते हैं

## मौखिक आकलन के उदाहरण

### आकलन हेतु पाठ से सम्बंधित कुछ प्रश्नः

**पाठ–1**

1. शाकाहारी किन्हें कहते हैं?कुछ उदाहरण दीजिए।
2. मांसाहारी किन्हें कहते हैं? कुछ उदाहरण दीजिए।
3. सर्वाहारी किन्हें कहते हैं? कुछ उदाहरण दीजिए।
4. किन्हीं दो पौधों के नाम बताइए जिनकी हम जड़ें खाते हैं?
5. भारत के विभिन्न भागों में पाए जाने वाले भोजन में विविधता क्यों है?
6. जंतुओं को भोजन कहाँ से प्राप्त होता है?

**पाठ–2**

1. भोजन के मुख्य पोषक तत्व कौन से हैं?
2. हमारे शरीर को मुख्य रूप से ऊर्जा कौन प्रदान करता है?
3. रोगों से रक्षा के लिए शरीर को किस पोषक तत्व की आवश्यकता होती है?
4. विटामिन A की कमी से कौन–कौन से रोग होते हैं?
5. शरीर में कमज़ोरी आने पर डॉक्टर किस पोषक तत्व को खाने का निर्देश देते हैं?

**पाठ–3**

1. प्राकृतिक तंतु क्या होते हैं?
2. कताई कैसे की जाती है?
3. संश्लेषित तंतु का उपयोग कहाँ किया जाता है?
4. पादप तंतु के दो उदाहरण दें?
5. संश्लेषित तंतु के उदाहरण दें?

### मॉडल से सम्बंधित कुछ प्रश्नः

मॉडलः विद्युत् परिपथ

1. विद्युत्–सेल के कितने टर्मिनल होते हैं ?
2. विद्युत्–परिपथ पूरा होने पर भी बल्ब दीप्त नहीं होता, इसका कारण बताएं।
3. विद्युत् –सेल विद्युत् कैसे उत्पन्न करता है ?



docs.aglasem.com
aglasem.com

## प्रस्तुतिकरण के लिए उपविषय

### पाठ–1

### उपविषय

1. पादपों में पोषण विधि–स्वपोषी और विषमपोशी
2. प्रकाश संश्लेषण
3. पादपों में कार्बोहाइड्रेट के अतिरिक्त अन्य खाद्यों का संश्लेषण
4. पादपों में पोषण की अन्य विधियाँ
5. मृतजीवी
6. सहजीवी संबंध
7. मृदा में पोषकों की पुनः पूर्ति किस प्रकार होती है?

### पाठ–2

1. खाद्य अंतर्ग्रहण की विभिन्न विधियाँ
2. मानव में पाचन
3. मुख एवं मुख–गुहिका
4. दांतों के प्रकार और उनके कार्य
5. भोजन नली(ग्रसिका) और अमाशय
6. क्षुद्रांत्र  और क्षुद्रांत्र में अवशोषण
7. बृहदांत्र और भोजन का निष्कासन
8. घास खाने वाले जन्तुओं में पाचन
9. अमीबा में संभरण एवं पाचन

### पाठ–3

1. जांतव रेशे–ऊन और रेशम
2. ऊन प्रदान करने वाले जंतु
3. भेड़ पालन और प्रजनन
4. रेशों को ऊन में संसाधित करना
5. रेशम और रेशम कीट पालन
6. रेशम कीट का जीवनचक्र
7. कोकून से रेशम तक



docs.aglasem.com
aglasem.com

## Assignment (असाइनमेंट)

**कुल अंक : 15**

**Summative आकलन के लिए असाइनमेंट को तीन क्षेत्रों में बांटा जा सकता है :**

| क्र. स. | मूल्यांकन | अंक | निर्देश |
|---|---|---|---|
| 1 | व्यक्तिगत मूल्यांकन | 5 | विद्यार्थी इन्हें अकेले करेंगे। यह असाइनमेंट, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, मॉडल, प्रयोग आधारित रिपोर्ट, चार्ट, लिखित असाइनमेंट, गृह कार्य, स्क्रैप बुक इत्यादि के रूप में करवाया जा सकता है। |
| 2 | सामूहिक मूल्यांकन | 5 | शिक्षक की सुविधा और निर्देशानुसार छात्र 4– 5 के समूहों में काम कर सकते हैं। यह असाइनमेंट, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, मॉडल, विज्ञान प्रदर्शनी, डाटा संग्रह इत्यादि के रूप में करवाया जा सकता है। |
| 3 | विचार प्रेरक प्रश्न | 5 | शिक्षक की सुविधा और निर्देशानुसार छात्र 4–5 के समूहों में काम कर सकते हैं। विचार प्रेरक प्रश्न कुछ ऐसे प्रश्नों का संग्रह हो सकता है जो किसी पाठ विशेष से सम्बन्ध न रखते हुए विद्यार्थी द्वारा पढ़ी हुई संकल्पनाओं पर आधारित हों। यह ऐसे प्रश्न हो सकते हैं जिनसे विद्यार्थी की वैचारिक स्पष्टता,रचनात्मकता,गहन सोच और सीखी हुई धारणाओं को वास्तविक जिन्दगी में उपयोग में लाने की क्षमता का आंकलन हो सके। |

ऊपर लिखे वर्गों में सूचित सुझावों का नीचे संक्षिप्त विवरण दिया गया है:

- **लिखित असाइनमेंट:** इनके अंतर्गत प्रश्नावली, निबंध (आँखों से जुड़ी बीमारियाँ और उनका उपचार, एंटीबायोटिक्स की खोज, लेंसों के प्रकार), अनुसन्धान रिपोर्ट (आपके क्षेत्र में ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव) जैसी कार्यनीतियाँ शामिल हो सकती हैं।

  **उदाहरण :** 1. भारत सरकार द्वारा चलाए गये कार्यक्रम "स्वच्छ भारत अभियान" की सार्थकता पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें।

  2. विटामिन व खनिज लवणों की कमी से होने वाले रोग तथा लक्ष्ण की चित्र सहित सारणी बनाइए।

- **चार्ट बनाना:** रेखा चित्र (जैसे कि बिजली के सर्किट, जन्तुशास्त्र से सम्बंधित चित्र, प्रकाश से सम्बंधित चित्र), प्रक्रियाएँ (मल शुद्धिकरण व्यवस्था से सम्बंधित चित्र) इत्यादि चार्ट पर बना कर दिखाने को कहा जा सकता है।

  **उदाहरण :** 1. संतुलित आहार का चार्ट तैयार कीजिए।

  2. मानव कंकाल का चित्र बनायें व विभिन्न संधियों को नामांकित करें।

- **स्क्रैप बुक / संग्रह / हर्बेरियम (Herbarium):** विद्यार्थियों से विभिन्न संकल्पनाओं से जुड़ी चीजों (जैसे कि तरह–तरह के पत्ते, फूल, पारदर्शी / अपारदर्शी / धातु / अधातु / घुलनशील / अघुलनशील पदार्थों) का संग्रह बनाने को कहा जा सकता है।

- **परियोजना कार्य:** विद्यालय परिसर में किसी विशिष्ट विषय से जुड़े बाग का निर्माण, जल संरक्षण अभियान, कचरा प्रबंधन व्यवस्था जैसे कुछ विषय परियोजना के तौर पर दिए जा सकते हैं। इन पर छात्र समूहों में काम कर सकते हैं।

- **मॉडल बनाना:** कुछ महत्वपूर्ण संकल्पनाओं के मॉडल बनवाए जा सकते हैं।

  **उदाहरण:** हाइड्रो पॉवर की उत्पत्ति, परमाणु की संरचना, बारिश के पानी का संग्रहण, मनुष्य के अंग और मानव कंकाल का गत्ते व कागज की सहायता से कंकाल तंत्र का मॉडल आदि।

- **संग्रह:** निम्नलिखित विषयों से सम्बंधित जानकारी का संग्रह करने को कहा जा सकता है : आपके क्षेत्र में फैली



docs.aglasem.com
aglasem.com

बीमारियाँ और उनके उपचार के तरीके, भौम जल/वर्षा की मात्रा और उनके पिछले एक दशक में कम होने के कारण आदि।

**विचार प्रेरक प्रश्नों के उदाहरणः**

- अपने विद्यालय में वर्षा के जल के संरक्षण हेतु योजना का सुझाव दें
- आजकल पानी की समस्या से सभी जूझ रहे हैं। आप पीने के पानी को स्वच्छ और सरंक्षित रखने के लिए क्या उपाय कर सकते हैं? इस पर एक रिपोर्ट बनाएं
- पुरानी फेंकी गई काँच की बोतलें, प्लास्टिक की बोतलें, ऊन,चादर.रद्दी कागज आदि बेकार चीजों को एकत्र कर कुछ उपयोगी चीजें बनाने का प्रयास करें। आप चंडीगढ़ के रॉक गार्डन की तरह कुछ बनाने का भी सोच सकते हैं
- मशीनीकरण से मनुष्य के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है ? समूह में चर्चा कर एक लेख लिखें
- अपने क्षेत्र में व्यापित किसी भी मुद्दे या समस्या का चयन करें और उसके हल हेतु सुझाव प्रस्तुत करें। इन सुझावों को एक प्रोजेक्ट रिपोर्ट के रूप में पेश करें



docs.aglasem.com
aglasem.com